दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



## आवश्यक सूचना


आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 7 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-70

# बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर उप्र में हाई अलर्ट

## अयोध्या में भारी पुलिस बल तैनात

अयोध्या (आरएनएस)। बाबरी विध्वंस की बरसी पर कई संगठनों ने गुरुवार को शौर्य और कई संगठनों ने काला दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया है। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर है। वहीं अयोध्या में विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में चल रहे बाबरी मस्जिद राम जन्मभूमि मुकदमे में बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी को एक बार फिर से पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस बार पत्र भेजने वाले ने पत्र में ना सिर्फ इकबाल अंसारी को मुकदमा वापस लेने की धमकी दी है बल्कि बाबरी मस्जिद मुकदमे की वकालत कर रहे अधिवक्ता जफरयाब जिलानी के नाम का जिक्र भी इस पत्र में किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले मंगलवार को पुलिस ने अयोध्या में फ्लैग मार्च भी निकाला था।



सुरक्षा के मद्देनजर अयोध्या में 6 कंपनी पीएसी, 2 कंपनी आरएएफ के साथ 4 एडिशनल एसपी, 10 डिप्टी एसपी, 10 इंस्पेक्टर, 150 सब इंस्पेक्टर और 500 सिपाहियों की तैनाती की गई है। इतना ही नहीं घरों की छतों से भी पुलिस निगरानी करेगी। शहर के सभी एंट्री पॉइंट्स पर बैरिकेडिंग की गई है और आने-जाने वाले सभी लोगों की सघन चेकिंग के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही जिले में धारा 144 भी लागू है। अयोध्या में रूट डायवर्जन भी लागू कर दिया गया है जिसके तहत 4 पहिया वाहन टेढ़ी बाजार चौराहे से शहर की ओर नहीं बल्कि संपर्क मार्ग से होकर जाना होगा। इसके अलावा प्रशासन ने गैर परंपरागत कार्यक्रम पर रोक लगा दी है। इसके अलावा प्रदेश भर के जिला कप्तानों के लिए डीजीपी मुख्यालय की तरफ से विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान और मिश्रित आबादी के क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

## अपनी पसंद के सीएम बनाने जीभ काटकर मंदिर में चढ़ाई

हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना के पश्चिम गोदावरी जिले के एक 35 वर्षीय महेश वीवर ने श्रीनगर कॉलोनी के एक मंदिर में अपनी जीभ काटकर चढ़ा दी। जीभ काटने से पहले उसने एक पत्र लिखा कि वह यह सब इसलिए कर रहा है क्योंकि वह अपनी पसंद के व्यक्ति को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मुख्यमंत्री बनते देखना चाहता है। इतना ही नहीं उसकी भी तमन्ना है कि वह कैबिनेट मंत्री बन सके। बंजारा हिल्स इंस्पेक्टर गोविंदा रेड्डी ने बताया कि महेश असोसिएशन का सदस्य है।



वह बुधवार को श्रीनगर कॉलोनी के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर आया। यहां पर पूजा करने के बाद वह मंदिर में भगवान की मूर्ति के सामने घुटनों पर बैठ गया।

### जीभ काटकर दान पात्र में चढ़ा दी

उसने एक ब्लेड निकाली और अपनी जीभ काटकर वहां दान पात्र में चढ़ा दी। वहां पर उपस्थित लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई।

## अब गाड़ी चोरी की टेंशन होगी दूर, सरकार बना रही नयी योजना

### नई गाड़ियों के साथ मिलेगा एचएसआरपी



नई दिल्ली (आरएनएस)। अब वाहन के शौकीनों को नई गाड़ी खरीदने के बाद हाइ-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा, ना ही वेंडर से उसे लगवाने की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के लिए गाड़ी के साथ ही एचएसआरपी देना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही गाड़ी बेचने से पहले यह नंबर प्लेट उस पर लगाना डीलर्स के लिए जरूरी होगा। यह व्यवस्था आगामी वर्ष अप्रैल 2019 से लागू होगी।

वाहन निर्माता कंपनियां थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क भी बनाएंगी, जिसमें गाड़ी में इस्तेमाल होने वाले फ्यूल के लिए कलर कोडिंग भी होगी। गाड़ी के शोरूम से बाहर निकलने से पहले अधिकृत डीलर्स इन्हें गाड़ी की विंड शील्ड पर लगाएंगे। वहीं, दूसरी ओर मौजूदा वाहनों के लिए सरकार के नोटिफिकेशन में कहा गया है, पुराने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन मार्क लगने के बाद वाहन निर्माता कंपनी की ओर से सप्लाई किए गए ऐसे नंबर प्लेट को कंपनी के डीलर्स भी लगा सकते हैं।

हाइ-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट पांच साल की गारंटी के साथ आएंगे। थर्ड रजिस्ट्रेशन मार्क ऐसा होगा कि एक बार निकाले जाने के बाद यह खराब हो जाएगा।

स्टिकर में रजिस्ट्रेशन करने वाली अथॉरिटी, रजिस्ट्रेशन नंबर, लेजर-ब्रैंडेड परमानेन्ट नंबर, इंजन नंबर और चेसिस नंबर की डीटेल होगी, जो वाहन को चोरों से सुरक्षित बनाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण करने वाले वाहनों की तुरंत पहचान के लिए फ्यूल की कलर कोडिंग स्कीम को मंजूरी दे दी है।

एक अधिकारी ने कहा, हाइ-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की कीमत गाड़ी की कीमत में ही शामिल होगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईआईएससी में फटा हाइड्रोजन सिलिंडर, एक वैज्ञानिक की मौत, 3 जख्मी

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस में हुए एक धमाके के चलते एक वैज्ञानिक की मौत हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि बुधवार दोपहर एक हाइड्रोजन सिलिंडर में यह ब्लास्ट हुआ। बेंगलुरु पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है।

### ऐक्टर आलोक नाथ हुए लापता

#### विंता नंदा रेप केस

मुंबई (आरएनएस)। राइटर विंता नंदा की शिकायत के आधार पर रेप केस दर्ज होने के बाद से आलोक नाथ लापता हैं। जानकारी के अनुसार, वह मुंबई में नहीं हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब मामले में आगे की कार्रवाई के सिलसिले में पुलिस उनके घर पहुंची। बता दें कि, राइटर विंता नंदा ने आलोक नाथ पर रेप का आरोप लगाते हुए मुंबई के ओशिवरा पुलिस स्टेशन थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। 21 नवंबर को पुलिस ने ऐक्टर के खिलाफ इंडियन पैनल कोड के सेक्शन 376 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

### फोर्ब्स की लिस्ट पर छाए सलमान खान, बने सबसे अमीर सेलेब

नई दिल्ली (आरएनएस)। फोर्ब्स ने हाल ही में टॉप 100 सेलिब्रिटी के नाम जारी किए है, जिन्होंने इस साल सबसे ज्यादा कमाई की है और इस सूची में सलमान खान पहले नंबर पर अपना दबदबा कायम रखने में सफल रहे। लिस्ट के मुताबिक सलमान खान ने इस साल 253.25 करोड़ कमाकर पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा दूसरे नंबर पर भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली रहे। विराट ने इस साल 228.09 करोड़ रुपये की आमदन की, जिस कारण उन्हें दूसरे नंबर पर रखा गया है।

### अपहरण कर डेढ़ करोड़ की फिरौती मांगने वाले 3 पुलिसकर्मी निलंबित

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने रणहौला थाने के तीन पुलिसकर्मियों को नौकरी से निलंबित कर दिया गया है. इन पुलिसकर्मियों पर जालसाजी के एक आरोपी की अपहरण और उसे छोड़ने के एवज में डेढ़ करोड़ रुपये मांगने का आरोप है.

### पुडुचेरी विस में भाजपा के तीन सदस्यों के नामांकन को सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

नईदिल्ली (आरएनएस)। पुडुचेरी विधानसभा में भाजपा के तीन सदस्यों के नामांकन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है. इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि एलजी किरण बेदी को विधायकों के नामांकन की शक्ति मिली है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तीनों विधायक अब अपना काम कर सकेंगे. कांग्रेस के नेताओं ने मद्रास हाईकोर्ट के और बीजेपी के तीन सदस्यों को विधायक मनोनीत करने के केंद्र के एकतरफा निर्णय को चुनौती दी थी.

### कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में एलओसी पर भारत-पाक सेना के बीच फायरिंग

नई दिल्ली। कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में एलओसी पर भारत-पाक सेना के बीच फायरिंग।

### सीबीआई मामला : डायरेक्टर को दो साल तक पद पर बने रहने का अधिकार-सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी सीबीआई में मचे घमासान पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को भी सुनवाई जारी है. बहस की शुरूआत करते हुए सॉलिसिटर जनरल (स्त) ने कहा कि निदेशक होने के बाद भी व्यक्ति अखिल भारतीय सेवा का हिस्सा होता है. चीफ जस्टिस रंजग गोगोई ने पूछा कि सीबीआई निदेशक के अधिकार वापस लेने पहले सेलेक्शन कमेटी की सलाह लेने में क्या मुश्किल थी?

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम ने महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, पीएम नरेन्द्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने गुरुवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 63वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन किया। राष्ट्रपति ने बाबा साहब के महा परिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपराष्ट्रपति ने ट्वीट कर



कहा '' हमारे संविधान के शिल्पी, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद् तथा समाज विचारक डॉ. आंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संकुचित भेदभाव से परे, हम एक मानवीय सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।'' पीएम ने भी ट्वीट कर कहा,'' पूज्य बाबासाहब को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन।''

उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने भी संसद भवन परिसर में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन किया। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने अपने ट्वीट में कहा, ''बाबासाहब आंबेडकर ने देश को एक प्रगतिशील संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी।

## पाक भारत के खिलाफ कर रहा तालिबान का इस्तेमाल

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के एक शीर्ष कमांडर ने इस बात पर रोष जताया कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादी गुटों को सुरक्षित पनाहगाह नहीं बनाने देने की दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रहा है। साथ ही उन्होंने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान लगातार अफगान तालिबान का इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहा है। मरीन कोर के लेफ्टिनेंट जनरल केनेथ मैकेंजी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा अफगानिस्तान शांति वार्ता में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

### अमेरिकी कमांडर ने जताया रोष

इमरान खान से मदद मांगे जाने के कुछ दिनों बाद आया है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका के अफगानिस्तान में चले सबसे लंबे युद्ध के बाद बातचीत के जरिए कोई हल निकालने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस युद्ध में अमेरिका के 2,400 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। उधर तालिबान अमेरिका नीत अंतरराष्ट्रीय बलों को देश से भगाने और फिर से अपना शासन स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। मैकेंजी ने यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर (सेंटकॉम) पद पर नियुक्ति के लिए सुनवाई के दौरान सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति से कहा, ''अफगानिस्तान में दीर्घकालिक स्थायित्व के लिए पाकिस्तान अनिवार्य तत्व है।'' उन्होंने कहा कि तालिबान और अफगानिस्तान की सरकार के बीच बातचीत कराने में पाकिस्तान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं उस प्रगति का स्वागत करूंगा। हालांकि, इस वक्त ऐसा नहीं लगता कि तालिबान को वार्ता की मेज तक लाने में पाकिस्तान अपने प्रभाव का पूरा इस्तेमाल कर रहा है।'

## नेपाल में प्लास्टिक थैलियों से बनाया मृत समुद्र



काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल में पर्यावरण को लेकर जागरुकता और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए बुधवार को प्लास्टिक थैलियों की सबसे बड़ी मृत सागर के रूप में संरचना बनाई गई।

यह संरचना राजधानी के मध्य भाग में टुंडिखेल में मृत सागर के रूप में बनाई गई जिसमें करीब 88,000 प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल किया गया।

## अब आम्रपाली की देशभर की कई संपत्तियां बिकेंगी

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आम्रपाली रुप को करारा झटका दिया है। निवेशकों से पैसे लेने के बावजूद उन्हें उनका मकान नहीं देने के मामले में कोर्ट ने आम्रपाली के निदेशकों से जवाब मांगा है कि उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। इसके अलावा, कोर्ट ने आम्रपाली रुप के राजगीर, बक्सर, ग्रेटर नोएडा के होटल, बरेली का मॉल, नोएडा के चार कॉरपोरेट ऑफिस, मुजफ्फरपुर का मॉल, गया का बुद्धा मॉल, पूर्णिया की जमीन, भुवनेश्वर हाउजिंग प्लॉट और इस्पात फैक्ट्री वाली संपत्तियों को बेचने का DRT को निर्देश दिया है।

इससे पहले, होम बायर्स से जुटाए पैसे का क्या किया, इसकी सही-सही जानकारी नहीं देने पर जेल में डालने की सुप्रीम कोर्ट की धमकी के बाद आम्रपाली ग्रुप के सीएमडी ने मान लिया कि 2,996 करोड़ रुपये दूसरी कंपनी का बिजनस बढ़ाने में लगा दिए गए। इसी वजह से हाउजिंग प्रॉजेक्ट्स पूरा करने के लिए जरूरी रकम का अभाव हो गया और ये प्रॉजेक्ट्स लटक गए। कंपनी ने कहा कि 2,996 करोड़ रुपये के डायवर्जन का आंकड़ा मार्च 2015 तक का ही है क्योंकि उसके बाद से बैलेंसशीट अपडेट ही नहीं की गई है।

आम्रपाली के सीएमडी अनिल शर्मा ने एक विस्तृत शपथपत्र (एफिडेविट) के जरिए कोर्ट को सभी 46 ग्रुप कंपनियों के मौद्रिक लेनदेन की जानकारी दी

## इंडोनेशिया के मातरम में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप




हॉन्ग कॉन्ग (आरएनएस)। इंडोनेशिया के मातरम में गुरुवार को मध्यरात्रि में 5.5 तीव्रता वाले के भूकंप के झटके महसूस किये गए।

अमेरिकी भौगोलिक सर्वेक्षण ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार एक बजकर दो मिनट 46 सेकेंड पर महसूस किये गए भूकंप का केंद्र जमीन की सतह 10 किलोमीटर नीचे 8.5376 डिग्री दक्षिण अक्षांश तथा 116.0367 डिग्री पूर्व रेखांश पर था।

## 20.38 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ लेटर ईश्वर पर अल्बर्ट आइंस्टीन के विचार

न्यू यॉर्क (आरएनएस)। जर्मनी के वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का ईश्वर और धर्म को लेकर उनके विचारों पर आधारित फेमस लेटर अमेरिका में नीलामी के बाद 28.9 लाख अमेरिकी डॉलर (तकरीबन 20 करोड़ 38 लाख रुपये) में बेच दिया गया। यह पत्र उन्होंने अपनी मृत्यु से एक साल पहले लिखा था।



नीलामीघर क्रिस्टीज ने एक बयान में बताया कि नीलामी से पहले इस लेटर की कीमत 15 लाख डॉलर (तकरीबन 10 करोड़ 58 लाख रुपये) आंकी गई थी। दो पन्नों का यह लेटर 3 जनवरी 1954 को जर्मनी के दार्शनिक एरिक गटकाइंड को लिखा गया था, जिन्होंने आइंस्टीन को अपनी किताब 'चूज लाइफः द बिबलिकल कॉल टू रिवोल्ट' की एक प्रति भेजी थी।

## लोस चुनाव पूर्व आर्मी की नई ब्रांच में मिलेगा महिलाओं को परमानेंट कमिशन

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव पूर्व इंडियन आर्मी, आर्मी में करियर बनाने की चाह रखने वाली महिलाओं को सुखद समाचार दे सकती है। सेना में शॉर्ट सर्विस कमिशन (एसएससी) के तहत चयनित हुई महिला अधिकारियों को नई ब्रांच में परमानेंट कमिशन ऑफर किया जाएगा। आर्मी सूत्रों के मुताबिक अगले साल फरवरी से यह लागू होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से इसका ऐलान किया था। लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने कहा था, भारतीय सशस्त्र सेना में शॉर्ट



सर्विस कमिशन के माध्यम से नियुक्त महिला अधिकारियों को पुरुष के समकक्ष अधिकारियों की तरह पारदर्शी चयन प्रक्रिया के जरिए परमानेंट कमिशन की घोषणा करता हूं।

सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव से पहले यह लागू कर देने की तैयारी है।

महिलाओं को सेना में परमानेंट कमिशन देने के लिए साइबर-आईटी, इमेज इंटरप्रिटेशन, लैंग्वेज स्पेशलिस्ट, इंफर्मेशन वॉरफेयर ब्रांच ओपन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसद के आगामी विंटर सेशन के बाद इसके लागू हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अलग से कानून बनाने या संसद में प्रस्ताव लाने की जरूरत नहीं होगी, इसके लिए सरकार की तरफ से ऑर्डर जारी किया जाएगा और कई नई ब्रांच महिलाओं के लिए खुल जाएंगी।

अधिकारी ने कहा कि अभी लीगल और एजुकेशन ब्रांच में महिलाओं के लिए परमानेंट कमिशन है और जब यह किया गया था तब यह भी सरकारी ऑर्डर से हो गया था। उन्होंने कहा कि फरवरी तक नई ब्रांच में महिलाओं की परमानेंट कमिशन में एंट्री लागू हो जाने की उम्मीद है। मिलिटरी पुलिस में महिलाओं को लेने का प्रस्ताव भी रक्षा मंत्रालय के पास है। सूत्रों के मुताबिक कई ऐसे मौके आए जब मिलिटरी पुलिस में महिला जवानों की जरूरत महसूस की गई।